आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अयोध्या धाम के दौरे पर हैं। अयोध्या धाम पहुंचने पर महर्षि वाल्मीकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति सीधे श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए रवाना हुई। जहां, पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन कर मंगलकामना की। उसके बाद श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला के दर्शन किए। राम मंदिर के अभिषेक समारोह के बाद राम जन्मभूमि की यह उनकी पहली यात्रा है। कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति आज शाम को सरयू आरती में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दर्शन–पूजन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

****

प्रदेश में आज लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठवें चरण की कुल 28 सीटों के लिए कई नामचीन नेता और उम्मीदवारों ने अपना अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रत्याशियों ने रोड शो और जनसभाओं के माध्यम से शक्ति का प्रदर्शन भी किया।

नामांकन दाखिल करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी मेनका गांधी, बस्ती संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से जगदंबिका पाल, आजमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के नाम शामिल रहे। इनके साथ ही आज फतेहपुर से लल्लू सिंह, अयोध्या से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर सीट से प्रवीण पटेल ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले सभी प्रत्याशियों ने रोड शो किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रमशः बस्ती, डुमरियागंज और अयोध्या में नामांकन में उपस्थित रहे।

उधर, आजमगढ़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव, लालगंज लोकसभा सीट से दरोगा प्रसाद सरोज, लखनऊ लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, जौनपुर से पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी और बसपा

प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी, जौनपुर समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा जौनपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक सिंह ने नामांकन दाखिल कर अपनी अपनी जीत का दावा किया।

****

लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान में अपनी ताकत झोंक दी है। बस्ती जिले में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के नामांकन में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विपक्ष के द्वारा कोरोना वैक्सीन को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। इन लोगों की असलियत जनता पहचानती है। जनता इन लोगों को सबक सिखाएगी।

इसी क्रम में आज बदायूं में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक चुनावी जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत का मस्तक आज दुनियां में ऊंचा हो रहा है। भारत की बात दुनिया सुनती है, पहले की सरकारों में भारत की बात को कोई गंभीरता से नही लेता था। आज भारत दुनिया की तीसरी शक्ति बन चुका है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित है।

उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इटावा जिले के जसवन्त नगर में सभा को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अगर भगवा पार्टी सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता के माध्यम से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पहले दो चरण के हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन को बढ़त मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी निराश है, यूपी में भी चौंकाने वाले परिणाम आएंगे।

****

जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को आज सुबह बरेली सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आने के बाद धनंजय सिंह ने कहा कि वह अपनी पत्नी और बसपा प्रत्याशी श्रीकला के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। इसके बाद वह अपने समर्थकों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हो गए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल को धनंजय सिंह को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था हालांकि जौनपुर एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा सुनाए गए 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि मुजफ्फर नगर निवासी प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजा थाने में अपहरण, रंगदारी समेत अन्य आरोपों में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम पर मुकदमा दर्ज कराया था।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिये आज गोरखपुर में स्वीप के अन्तर्गत मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा गोरखपुर और अभयनंदन इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जो शहर के विभिन्न चौराहों से होते हुए वापस विद्यालय गेट पर समाप्त हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने आम जन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मतदान करने की अपील की।

****

आज मई दिवस है। प्रदेश भर में मई दिवस पर आज श्रमिक संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में वाराणसी के सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने आज विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी श्रमिकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन को हम लोग अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाते हैं, यह दिन, दुनिया भर के श्रमिकों की कड़ी मेहनत और निष्ठा को समर्पित है।

****